RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

बची-खुची भी टूट ले, सड़क जरा सरकार।
करवा देंगे फिर इसे, दोबारा तैयार।
दोबारा तैयार, इसे फिर करवायेंगे।
गड्ढे हो लें बड़े, तभी भरने आयेंगे।
कह साहिल कविराय, बना देंगे फिर सारी।
बची-खुची भी जरा, टूट ले सड़क हमारी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 71 | SUNDAY DATE 05-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# बंगाल में भय और भ्रष्टाचार की राजनीति का अंत करने का समय आया : रेखा गुप्ता

» **खड़गपुर, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**



खड़गपुर से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष के नामांकन से पहले शहरह में रैली निकाली गई। रैली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सुवेंदु अधिकारी भी शामिल हुए। रैली वाहन से रेखा गुप्ता और सुवेंदु अधिकारी ने जनता को संबोधित करते हुए उत्साह भरा। इसके साथ ही ममता बनर्जी पर जमकर तंज कसा।

इस दौरान बंगाल में घुसपैठियों को हटाने के सवाल पर रेखा गुप्ता ने कहा, 'यह पूरे देश और पश्चिम बंगाल की सुरक्षा का सवाल है। पश्चिम बंगाल के संसाधनों का अब उपयोग घुसपैठियों को नहीं करने दिया जाएगा। बंगाल में भय और भ्रष्टाचार की राजनीति का अंत करने का समय आ गया है। विकास और विश्वास की राजनीति अब बंगाल में नरेंद्र मोदी के हाथों में होगी। बंगाल की जनता ने ठान लिया है कि इस बार मोदी सरकार और ममता दीदी को बंगाल से बाहर कर देना चाहिए। यह चिंता और खेद का विषय है कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद जिस तरह से इस शहर ने वर्षों तक अपमान सहा है, यहां की महिलाओं को कभी सम्मान या अधिकार नहीं मिला है।'

विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, 'पूरे बंगाल में एक ही लहर है। दार्जिलिंग से लेकर दीघा तक, कूचबिहार से लेकर काकदीप तक, हर जगह एक ही लहर है। लोग बदलाव चाहते हैं। बदलाव हो रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने जा रही है। टीएमसी गुंडों की पार्टी है। टीएमसी सभी माओवादी चरमपंथियों और राष्ट्रविरोधी ताकतों को संरक्षण देती है।

# घायल हूं इसलिए और भी घातक हूं, आप के हर झूठ को करूंगा बेनकाब: राघव चड्ढा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**



राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए आम आदमी पार्टी की ओर से उन पर लगाए गए आरोपों पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी के सभी आरोप बेबुनियाद और बेतुके हैं।

राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया गया झूठ भी सच लगने लगता। तीन आरोप। जरा भी सच नहीं।'

इसके साथ ही राघव चड्ढा ने अपना एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह कह रहे हैं कि कल से उनके खिलाफ एक पूरी तरह से स्क्रिप्टेड अभियान चलाया जा रहा है। ये कोई संयोग नहीं, बल्कि एक स्पष्ट और कोऑर्डिनेटेड हमला है। पहले उन्होंने सोचा कि इसका जवाब नहीं देना चाहिए, लेकिन फिर लगा कि अगर एक झूठ को बार-बार दोहराया गया तो लोग उसे सच मान सकते हैं, इसलिए उन्होंने अब जवाब देना जरूरी समझा।

राघव चड्ढा ने कहा, पहला आरोप यह लगाया गया कि जब विपक्ष सदन से वॉकआउट करता है, तो राघव चड्ढा वहीं बैठे रहते हैं और उनका साथ नहीं देते। चड्ढा ने इसे पूरी तरह गलत बताया और कहा कि उन्होंने हर वॉकआउट में विपक्ष का साथ दिया है। उन्होंने चुनौती दी कि कोई भी ऐसा उदाहरण पेश करे जब वह वॉकआउट में शामिल नहीं हुए हों। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और उसे देखकर आसानी से सच सामने आ सकता है।

दूसरा आरोप यह था कि राघव चड्ढा ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इंपीचमेंट मोशन पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया।

## कांग्रेस के शासनकाल में लोगों को रोटी के लिए भटकना पड़ता था: नितिन नवीन



**श्रीभूमि, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** असम के श्रीभूमि में आयोजित जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को भाजपा-एनडीए की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सभा में उमड़ी भारी भीड़ इस बात का साफ संकेत है कि आने वाले समय में असम में भाजपा की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनने जा रही है और जनता का पूरा आशीर्वाद पार्टी को मिलने वाला है। नितिन नवीन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने असम के विकास और उसकी समृद्ध विरासत, दोनों को आगे बढ़ाने का काम किया है। इससे पहले राज्य को अपराध का गढ़ बना दिया गया था। कांग्रेस के शासनकाल में लोगों को रोटी के लिए भटकना पड़ता था, रोजगार के अवसर नहीं थे और न ही महिलाओं और राज्य की जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित थी। इसी कारण असम की जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर सजा दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और असम तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। सड़क, बिजली, रोजगार जैसे हर क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।



# जिला कारागार में बंदियों के जीवन में शिक्षा एवं तकनीकि प्रशिक्षण से सामाजिक सुधार की अनूठी पहल: उप जेल अधीक्षक

» **निर्मल सिंह**



पानीपत, यूटर्न/ 04 अप्रैल। हरियाणा के कारागार महानिदेशक आलोक मितल के निदेर्शानुसार पानीपत जेल में कैदियों व बंदियों के जीवन में शिक्षा और तकनीकि प्रशिक्षण के माध्यम से सामाजिक सुधार लाने की अनूठी पहल की जा रही है ताकि बंदी जेल से बाहर जाकर अपना कोई काम कर सके, किसी पर निर्भर न रहे और सम्मानजनक जीवन जी सके। जेल में बंद निरक्षर बंदी भी अब शिक्षा ग्रहण कर रहे है और पढे लिखे बंदी उच्च शिक्षा की तरफ अग्रसर हो रहे है। जेल अधिकारियों के प्रयासों से बंदियों का शिक्षा की तरफ रूझान बढ रहा है। जेल अधिकारियों अनुसार भारत सरकार की उल्लास योजना के तहत अभी तक जेल के 40 निरक्षर बंदियों का एनरोलमेंट हो चुका है और बाकि की कागजात संबंधित जानकारी पूरी होने पर पंजीकरण होगा।

बता दे कि केंद्र सरकार की उल्लास योजना के तहत 15 वर्ष से उपर के निरक्षर लोगों को पढाया जाता है, जोकि किसी वजह से स्कूल जाने से वंचित रह गये। वहीं जो बंदी कुछ कक्षाओं तक पढे लिखे है, उनको नेशनल इंस्टीच्यूट ऑपन स्कूल (एनआईओएस) द्वारा 10वीं व 12वीं करवाई जा रही है। ओपन स्कूल में 10वीं कक्षा के लिये 73 और 12वीं कक्षा के लिये 29 बंदियों ने पंजीकरण करवाया है। शिक्षित बंदी ही इन 10वीं व 12वीं कक्षा वाले बंदियों को पढा रहे है। जबकि 12वीं कक्षा पास बंदी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से ग्रेजुएशन कर रहे है। इनमें 24 बंदियों ने बीए और 6 बंदियों ने बीकॉम के लिये एनरोलमेंट करवाया है।

### डीजी जेल आलोक मितल के निदेर्शानुसार चल रही बंदियों के कल्याण की योजना- संजीव कुमार

जेल अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि डीजी जेल आलोक मितल के निदेर्शानुसार पानीपत जेल में बंदियों के कल्याण के लिये यह योजना चल रही है। जेल में बंदियों को शिक्षित करना और रोजगारपरक तकनीकि शिक्षा केवल प्रशिक्षण तक ही सीमित नहीं है, यह बंदियों के जीवन में एक साकारात्मक तरीके से सामाजिक सुधार लाने का प्रयास है। कौशल प्रशिक्षण लेकर बंदी जेल से बाहर जाने पर अपना कोई न कोई काम कर सकेंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे।

# चीनी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से लोगों को जोखिम में डाल रही है सरकार : राहुल



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चीनी सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रही है और जिन पर खुद उसने प्रतिबंध लगाया उन्हीं से निगरानी करवाकर जनता की जान जोखिम में डाल रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि सरकार से जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल पूछा तो ठोस जवाब नहीं दिया गया। उनका कहना था कि सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे अब भी लगे हुए हैं। प्रतिबंधित चीनी ऐप्स बदले हुए नामों के साथ फिर से सामने आ रहे हैं। विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सबके बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछा। जवाब में बहुत कुछ कहा गया लेकिन जो पूछा गया था उसका कोई जवाब नहीं मिला। हमारे कैमरे किन देशों से आए। उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं। कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं। कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ अब भी चल रहे हैं। मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब,एक भी प्लेटफॉर्म का नाम तक नहीं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पांच साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं.

# कोचिंग संचालक का शव फंदे पर लटका मिला

**लोनी, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** गोविंद टाउन कॉलोनी में शुक्रवार को कोचिंग संचालक का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान बिहार के बक्सर जनपद के अरक गांव निवासी ओंकार के रूप में हुई है। वह मकान की पहली मंजिल पर रहते थे और भूमि तल पर बच्चों के लिए कोचिंग चलाते थे। बिहार में परिजन को घटना की सूचना दे दी है और वह लोनी के लिए चल दिए हैं। शव दो से तीन दिन पुराना है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बार्डर थानाक्षेत्र स्थित गोविंद टाउन कॉलोनी में रमा शंकर के मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में ओंकार (23) अकेले रहते थे। जबकि ग्राउंड फ्लोर पर वह कोचिंग चलाते थे। शुक्रवार सुबह मकान मालिक का बेटा ओंकार से किराया लेने पहुंचे तो देखा कि कोचिंग सेंटर बंद था। वह मकान की पहली मंजिल पर पहुंचे तो कमरे से बदबू महसूस हुई। युवक ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया।

# घर में घुस कर गाली देने का विरोध किया तो युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** राजीव गार्डन कॉलोनी में महिला समेत सात लोगों ने घर में घुस कर तोड़फोड़ करते हुए युवक को पीटकर घायल कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर में ही दुकान है। बुधवार को दुकान के सामने खड़े होकर पड़ोसी गौरव और सौरभ गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने गाली देने का विरोध किया। आरोप है कि गौरव अपने परिजन के साथ लाठी-डंडे लेकर उनके घर घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ भी की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शिकायत पर गौरव, पिता तेजपाल, दो भाई सुमित, सौरभ, मां रेखा, पत्नी नीतू और रजनीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शालीमार सिटी में लावारिस कुत्तों का आतंक

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** शालीमार सिटी सोसायटी में लावारिस कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। आए दिन कुत्ते लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि एक वर्ष में 20 से अधिक लोगों को कुत्ते अपना शिकार बना चुके हैं। तीन दिन पहले भी डिलीवरी बाय के पैर में काट लिया था। सोसायटी के एओए ने नगर निगम कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। एओए सचिव राजेश कुमार झा ने बताया कि सोसायटी में सार्वजनिक स्थानों पर जगह-जगह लावारिस कुत्ते झुंड बनाकर बैठे रहते हैं। सबसे ज्यादा शिकार सोसायटी के बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं हो रही हैं। सोसायटी में इन दिनों डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने नगर निगम में शिकायत की है जल्द कुत्तों को पकड़ा जाए।

# वाहन की टक्कर से घायल श्रमिक की मौत

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** कौशांबी थाना क्षेत्र के एलिवेटेड कट के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल हुए श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। बिहार जिला नवादा अनाया निवासी बाबूलाल चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा विकास चौहान ठेकेदार के पास काम करते थे। 17 मार्च को विकास एलिवेटेड रोड से कौशांबी की तरफ जा रहे थे और उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी।

# बदरपुर में एनकाउंटर, 20 से ज्यादा मामलों में वांछित बदमाश गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

साउथ ईस्ट दिल्ली में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने बदरपुर इलाके में शुक्रवार देर रात एक बदमाश को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद सलीम उर्फ गंजा के रूप में हुई है। वह कई गंभीर मामलों में वांछित चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक, सलीम गंजा कोई छोटा-मोटा अपराधी नहीं, बल्कि एक बेहद शातिर और खतरनाक अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी और सेंधमारी जैसे करीब 70 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इतना ही नहीं, वह 20 से ज्यादा मामलों में वांछित भी चल रहा था और काफी समय से फरार था।

बताया जा रहा है कि सलीम गंजा का नाम



दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर सलीम पहलवान की हत्या में भी सामने आ चुका है। इसके अलावा वह नासिर और दानिश पहलवान गिरोह का सक्रिय सदस्य रहा है और इलाके में कई गंभीर वारदातों को अंजाम देता रहा है।

पुलिस को सलीम गंजा की लोकेशन को लेकर खास सूचना मिली थी। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बदरपुर इलाके में जाल बिछाया। जैसे ही पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की। आरोपी ने खुद को बचाने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें सलीम गंजा घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। घायल हालत में आरोपी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# बागवानी की 11 प्रमुख फसलों के मूल्यों में इजाफा , बागवानी से बढ़ेगा : उपायुक्त




» **पानीपत, यूटर्न 4 अप्रैल।**

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के किसान बागवानी विभाग की सहायता से अपनी आय में निरंतर इजाफा कर रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत बागवानी की 11 प्रमुख फसलों के मूल्यों में बढ़ोतरी की है, जिससे किसानों को और अधिक लाभ मिलने की संभावना है।

उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि 'हमारा मुख्य उद्देश्य जिले के हर किसान को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। भावांतर भरपाई योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत 11 प्रमुख बागवानी फसलों के मूल्यों में वृद्धि की गई है, जिससे किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में स्थायी सुधार आएगा। सरकार चाहती हैं कि हर किसान न केवल अपने परिवार की जरूरतें पूरी करे, बल्कि अपनी मेहनत का न्यायपूर्ण फल भी पाए। किसान अब 'मेरी फसल मेरा ब्यूरो' पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण कर ब्लॉक स्तर पर दस्तावेज जमा कर आसानी से अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। यह न केवल उनकी फसल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उन्हें बेहतर बाजार मूल्य दिलाने में भी मदद करेगा। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सिर्फ फसलों के मूल्य बढ़ाने तक सीमित नहीं है। हम जिले में नए रोजगार सृजन परियोजनाओं की शुरूआत कर रहे हैं, ताकि किसानों और उनके परिवारों को स्थायी रोजगार और जीवन स्तर में सुधार का अवसर मिल सके। जब किसान खुशहाल होंगे, तभी हमारा समाज और हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम इसे संभव बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।' जिला बागवानी अधिकारी संदीप ने बताया कि भावांतर भरपाई योजना किसानों को नुकसान से बचाने और उन्हें लाभ देने के लिए निरंतर कार्यरत है। 'किसान अब अपने फसलों के मूल्य और उत्पादन में संतोषजनक लाभ देख रहे हैं, जिससे उनका जीवन खुशहाल बन रहा है। उनके अनुसार सरकार ने टमाटर, प्याज, फूलगोभी, लौकी, करेला, बंदगोभी, हरी मिर्च, मटर, लहुसन, आलू और बैंगन के मूल्यों में वृद्धि की है। निर्धारित मूल्य अब इस प्रकार हैं: टमाटर: 500 रुपए से 660 रुपए पर क्विंटल किया है । इसी प्रकार प्याज: 650 रुपए से 780 रुपए क्विंटल फूलगोभी: 750 रुपए से 880 रुपए क्विंटल लौकी: 450 रुपए से 585 रुपए, करेला: 1350 रुपए से 1520 रुपए क्विंटल, बंदगोभी: 650 रुपए से 780 रुपए क्विंटल, हरी मिर्च: 950 रुपए से 1110 रुपए.




# दिल्ली में नशे के खिलाफ अभियान तेज, 56 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के पास से 56.39 ग्राम स्मैक भी जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही है। यह कार्रवाई 2 अप्रैल 2026 को की गई, जब पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि न्यू सीमापुरी इलाके में एक महिला स्मैक की खरीद-फरोख्त में लगी हुई है। यह महिला जेतुन उर्फ विधवा नाम से जानी जाती है और इलाके में लंबे समय से इस अवैध धंधे में शामिल है।

सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में एक टीम तैयार की गई, जिसमें एसआई धीर, एएसआई शोकिंदर, हेड कांस्टेबल राजेश, वेदपाल, पंकज, अर्जुन, दीपक और महिला कांस्टेबल शिवानी शामिल थी। इस पूरी कार्रवाई की निगरानी एसीपी मोहितर सिंह कर रहे थे। टीम ने योजना बनाकर न्यू सीमापुरी के मछली मार्केट इलाके में छापा मारा और आरोपी महिला को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद जब महिला की तलाशी ली गई तो उसके कपड़ों में छिपाकर रखे गए एक छोटे पॉलिथीन पैकेट से 56.39 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए माल जब्त कर लिया और आरोपी के खिलाफ सीमापुरी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने खुलासा किया कि वह किस सप्लायर से यह नशा लाती थी। इसके बाद पुलिस अब उस पूरे नेटवर्क को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है, ताकि ड्रग्स सप्लाई की पूरी चेन का खुलासा किया जा सके। मछली मार्केट, न्यू सीमापुरी की रहने वाली जेतुन उर्फ विधवा, जिसकी उम्र करीब 60 साल है, पहले सब्जी बेचकर अपना गुजारा करती थी। खराब आर्थिक स्थिति के चलते वह गलत संगत में आ गई और ड्रग्स का धंधा शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक, वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में शामिल रह चुकी है, जिससे साफ है कि वह इस काम की आदी हो चुकी थी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े बाकी लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# गर्मी से पहले घूमने का सुनहरा मौका ईस्टर के लंबे सप्ताहात पर बड़ी यात्रा सुविधाओं की मांग

» **कुरूक्षेत्र, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

1गर्मियों का मौसम शुरू होने से पहले एक छोटा सा ब्रेक लेने की चाहत रखने वालों के लिए ईस्टर का लंबा सप्ताहांत घूमने फिरने का एक बड़ा मौका बन रहा है ! खासकर बड़े शहरों में रहने वाले युवा घर से बाहर छुट्टी का आनंद उठना पसंद कर रहे हैं यही वजह है की महानगरों से अपनी गाड़ी में पहुंच सकने वाले लोकप्रिय पर्यटन



स्थलों पर होटल व अन्य यात्रा सुविधाओं की मांग बढ़ रही है ! ट्रैवल प्लेटफॉर्म पिंकयोरट्रेल के अनुसार शुरू होने वाले ईस्टर की छुट्टी एक अहम मौके के तौर पर पर उभर रही है ! प्लेटफॉर्म पर ईस दौरान बुकिंग में सालाना 5 से 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है ! जो विदेश की छोटी सूनियोजित यात्रा में लोगों की बढ़ती रुचि को दिखाता है ! पिकयोरट्रेल के अनुसार 25 से 35 उम्र के जोड़े जो मुख्य रूप से बड़े शहरों में रहते हैं वे ईस रूझांन को आगे बढ़ा रहे है ! बुकिंग. डॉटकॉम बेंगलुरू मुंबई के साथ-साथ ऋषिकेश वाराणसी और ऊटी सबसे ज्यादा खोजे गए शहरों में शामिल है पिंछले वर्ष की तुलना में वाराणसी के लिए जानकारी जुटाने वालों की संख्या में 135 फसीदी का इजाफा हुआ है जयपुर के लिए 75 फसीदी और और उदयपुर के बरे में 49 फसीदी वृद्धि देखी गई है ! ईस प्लेटफॉर्म के अनुसार यात्रा विकल्प तलाशने में मौसम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है लोग ठनडे स्थलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं इन स्थलों की पूछताछ में भी 40 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई है ! यात्रा की मांग बढ़ने से होटलों के कमरे ज्यादा भर रहे हैं और किराया भी बढ़ गया है ! रॉयल रिजॉर्ट के संस्थापक बृजेश कुमार ने कहा होटलों को बुकिंग में जबरदस्ती वृद्धि देखने को मिल रही है.

## रिफाइनरी से लोहा स्क्रैप चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार हाइवा डंपर में मिट्टी के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे

» **पानीपत, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

पानीपत पुलिस ने रिफाइनरी से लोहा स्क्रैप चोरी कर ले जा रहे दो आरोपियों को बाल जाट्टान रोड लोहा पूल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान करनाल के मल्लू पट्टी सालवन गांव निवासी कुलदीप व तरावड़ी राणा कॉलोनी निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों ने रिफाइनरी में मिट्टी व कचरा उठाने का ठेका ले रही जी टेक कंपनी में अपने अपने हाइवा डंपर लगाए हुए है। दोनों आरोपी रिफाइनरी से लोहा स्क्रैप चोरी कर डंपर में मिट्टी के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे।



सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना सदर में सुरक्षा एजेंट (एसए) तैनात मुख्य सिपाही राजेश को बीते वीरवार/ शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना मिली थी कि रिफाइनरी से मिट्टी व कचरा उठाने का ठेका लेकर काम कर रही जी टेक कंपनी में लगे डंपर के चालक रिफाइनरी से लोहा स्क्रैप चोरी कर डपर में मिट्टी के नीचे छुपाकर ले जाते है। दो डंपरों के चालक मिट्टी के नीचे लोहा स्क्रैप छुपाकर रिफाइनरी से निकले है। दोनों डपर चालक चोरी किए लोहा स्क्रैप को बेचने के लिए लोहा पुल के पास डपर को खड़ा कर खड़े है। सूचना को पुख्ता मानते हुए मुख्य सिपाही राजेश मौके पर पहुंचा और डंपर के पास जाकर चेक किया तो काफी मात्रा में लोहा स्क्रैप मिला।

**दो डंपरों के चालक मिट्टी के नीचे लोहा स्क्रैप छुपाकर रिफाइनरी से निकले है। दोनों डपर चालक चोरी किए लोहा स्क्रैप को बेचने के लिए लोहा पुल के पास डपर को खड़ा कर खड़े है।**

थाना सदर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों डंपर चालको को काबू किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान गुरप्रीत पुत्र भजन सिंह निवासी राणा कॉलोनी तरावड़ी व कुलदीप पुत्र रामकुमार निवासी मल्लू पट्टी सालवन करनाल के रूप में बताई। चोरी किया लोहा स्क्रैप व वारदात में प्रयुक्त दोनों डंपर को कब्जा पुलिस में लेकर थाना सदर में सुरक्षा एजेंट (एसए) राजेश की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई गई।

प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के निदेर्शानुसार मामले की जांच सीआईए वन पुलिस टीम को सौंपी गई। सीआईए वन पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने साथ ही यह पता लगाने का प्रयास करेगी गिरोह में और कोन लोग इनके साथ शामिल है।

## स्थानीय किसानों की फसल की पहले खरीद सुनिश्चित करना और उन्हें समय पर भुगतान दिलाना सरकार की प्राथमिकताः रणबीर गंगवा

### खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और किसानों के हित में है नई मंडी व्यवस्था

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा हिसार, यूटर्न/ 04 अप्रैल। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा फसल खरीद को लेकर मंडियों में लागू की गई नई व्यवस्थाएं पूरी तरह से किसानों के हित में हैं। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य स्थानीय किसानों की फसल की पहले खरीद सुनिश्चित करना और उन्हें समय पर भुगतान दिलाना है, जिससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आए और किसानों के हित सुरक्षित रह सकें। कैबिनेट मंत्री शनिवार को हिसार की अनाज मंडी में फसल खरीद कार्यों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंडी में अधिकारियों, किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। साथ ही उनकी कई प्रकार की शंकाओं का भी निवारण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना है कि हमारे किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मंडियों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लागू की गई हैं और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। मंत्री रणबीर गंगवा ने खरीद एजेंसियों और मंडी प्रशासन के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की ओर से ढिलाई बरती जाती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीद प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए सरकार द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं।

सरकार के प्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा भी प्रत्येक मंडी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रख रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान मार्केट कमेटी चेयरमैन रवींद्र रॉकी, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मंडी एसोसिएशन के प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## हरियाणा में बारिश आने से किसानों की लाखों टन गेहूं व सरसों भीग गई हैः बजरंग गर्ग

**हरियाणा हिसार, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अनाज मंडी के नए नियम पर नाराजगी जताई। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में अनाज खरीद के लिए सरकार की तरफ से मूलभूत सुविधा तक नहीं है। हरियाणा में बारिश आने से किसानों की लाखों टन गेहूं व सरसों भीग गई है। सरकार की तरफ से गेहूं व सरसों के रख-रखाव के लिए तिरपाल व लकड़ी के कैरट तक नहीं है। किसान का अनाज मंडी में खुले में पड़े होने के कारण बारिश में भीग रही है।



# विकसित भारत के विकास में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो . असीम कुमार घोष

» **परमिंदर सिंह**




कुरूक्षेत्र, यूटर्न/ 04 अप्रैल। हरियाणा के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पीएच.डी, यूजी, पीजी की डिग्री हासिल करने के बाद अब युवा पीढ़ी अपने अगले लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ेगी। यह युवा पीढ़ी नवाचार, उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करके भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका अदा करेगी। इस देश की युवा पीढ़ी को विकसित राष्ट्र को एक राष्ट्रीय मिशन समझकर आगे बढ़ना होगा। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में 35वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के अनुमोदन पर सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल को विश्वविद्यालय की तरफ से डॉक्टर ऑफ लॉ में मानद उपाधि देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में अलग-अलग विषयों में पीएच.डी के 112 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान दी और 89 विद्यार्थियों को अपनी-अपनी कक्षाओं में टॉप करने पर गोल्ड मेडल और प्रमाण देकर सम्मानित किया। इस दीक्षांत समारोह में पीएच.डी सहित पीजी और यूजी के करीब 3000 विद्यार्थियों को डिग्री देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता, न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी, न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश भारद्वाज, न्यायाधीश न्यायमूर्ति अलका सरीन को सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने विद्यार्थियों से नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आ'ान किया। आज का दीक्षांत समारोह केवल शिक्षा की यात्रा का समापन नहीं बल्कि एक नई जिम्मेदारी की शुरूआत है।

## कुरुक्षेत्र में भगवान परशुराम ब्राह्मण संकल्प सम्मलेन में उमड़ेगा भारी जन सैलाब

### राजकुमार शर्मा, जयपाल शर्मा और समिति ने तैयारियां की पूरी, आज कुरुक्षेत्र में दहाड़ेंगे दादा राम कुमार गौतम

» **प्रमोद कौशिक**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 04 अप्रैल। भगवान परशुराम ब्राह्मण संकल्प सम्मलेन में लाडवा हल्के के विभिन्न वार्डों, ग्रामीण क्षेत्रों और हल्के के अलग अलग मंडलों से सैंकड़ों लोग पहुंचेंगे, कार्यक्रम में बीजेपी विधायक एवं ब्राह्मण समाज के सबसे वरिष्ठ नेता दादा राम कुमार गौतम शिरकत करेंगे, उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय संघठन मंत्री संजय विनायक जोशी भी हरियाणा में ब्राह्मण समाज के राजनैतिक सामाजिक हक की आवाज बुलंद करेंगे। प्रधान पंडित जयपाल शर्मा ने बताया कि

भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, उन्होंने बताया कि समाज के वरिष्ठ नेता एडवोकेट राजकुमार शर्मा (पूर्व उप महाधिवक्ता हरियाणा पंजाब हाईकोर्ट चंडीगढ) समेत पूरी समिति समाज के स्वागत के लिए तैयार है। ब्राह्मण समाज की उपेक्षा और राजनैतिक अवेहलना के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे. इसलिए यह कार्यक्रम लाडवा विधानसभा क्षेत्र के स्थान पिपली स्थित निमंत्रण पैलेस में किया जा रहा है. ज्वलंत मुद्दों पर जोरदार चर्चा के साथ साथ समाज को एकजुट करने के साथ सरकार को समाज में मजबूत नेतृत्व और सियासी हक का संदेश देना है।

एडवोकेट राजकुमार शर्मा का कहना है कि आज ब्राह्मण समाज दयनीय स्थिति में है, ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर अपने हक के लिए आवाज बुलंद करनी होगी।

# दिल्ली पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त बाइक स्टंट करने वालों को जारी किया चालान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

दिल्ली पुलिस लगातार सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में लगी हुई है। लेकिन कुछ ऐसे लोग भी हैं जो शो बाजी और रील बनाने के चक्कर में चलती बाइक पर ऐसे करतब दिखा रहे हैं जो न केवल उनकी जान के लिए जोखिम बन सकता है, बल्कि दूसरे लोगों को भी खतरे में डाल सकता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कुछ बाइक सवार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

पुलिस ने इस वीडियो को गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई शुरू की। वीडियो में दिखाई गए वाहन और बाइक सवारों की पहचान कर ली गई। इसके बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान जारी किया गया। दिल्ली पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर उनका रुख सख्त है और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कोई



ढिलाई नहीं बरती जाएगी। आगे भी उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके कुछ दिन पहले ही पुलिस ने गन कल्चर के प्रति जीरो टॉलरेंस के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की थी। सोशल मीडिया और साइबर पेट्रोलिंग के जरिए पता चला कि कुछ लोग अवैध हथियार लहरा रहे हैं और इस तरह की गतिविधियों से आम लोगों की सुरक्षा को खतरा है। दिल्ली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ऐसे एक आरोपी को पकड़ लिया। अलीपुर थानाक्षेत्र में पुलिस टीम ने गोगी गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया।

इस गिरफ्तारी में एक पिस्तौल भी बरामद हुई। दिल्ली पुलिस सिर्फ सड़क सुरक्षा ही नहीं, बल्कि हथियारों के गैरकानूनी उपयोग और अपराधों के खिलाफ भी सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

## लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर शब्बीर अहमद लोन को 7 दिन की न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी और मेट्रो पोस्टर मामले से जुड़े हाल ही में पकड़े गए मॉड्यूल के संचालक शब्बीर अहमद लोन को अदालत में पेश किया है। आतंकी शब्बीर अहमद लोन की पांच दिन की पुलिस कस्टडी पूरी होने के बाद शनिवार को उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

## फटाफट खबरें

### शक्तिखंड में लीक हुई गंगाजल लाइन, सड़क पर बहा पेयजल, हजारों लोग परेशान

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** शक्तिखंड चार स्थित 100 फुटा रोड पर गंगाजल की पाइपलाइन लीकेज होने से सड़क पर पानी भर गया है। यह पेयजल था जो लोगों के घरों में सप्लाई होना था लेकिन समय से लीक लाइन को ठीक नहीं किया गया। 15 हजार से अधिक लोग इस वजह से परेशान है। शुक्रवार को जलकल कर्मियों ने मरम्मत का कार्य शुरू किया है लेकिन आपूर्ति अभी भी शुरू नहीं हो सकी। स्थानीय निवासी आरके खंडेलवाल ने बताया कि हर्षा सिटी मॉल के पास गंगाजल की पाइपलाइन में रिसाव के कारण सड़क पर जमा हो गया। दो दिन पहले समस्या शुरू हुई थी इससे पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। जलकल विभाग से भी शिकायत की गई लेकिन कर्मचारी मरम्मत करने नहीं आए। पेयजल की समस्या से जब लोगों को परेशानी हुई तो काफी संख्या में अधिकारियों से शिकायत की गई। स्थानीय निवासी आरके खंडेलवाल ने बताया कि हर्षा सिटी मॉल के पास गंगाजल की पाइपलाइन में रिसाव के कारण सड़क पर जमा हो गया। दो दिन पहले समस्या शुरू हुई थी इससे पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। जलकल विभाग से भी शिकायत की गई लेकिन कर्मचारी मरम्मत करने नहीं आए। पेयजल की समस्या से जब लोगों को परेशानी हुई तो काफी संख्या में अधिकारियों से शिकायत की गई।

### स्पेस सेटलमेंट प्रतियोगिता में एक ही स्कूल ने जीते 57 पुरस्कार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** नासा और नेशनल स्पेस सोसाइटी की ओर से आयोजित स्पेस सेटलमेंट प्रतियोगिता 2026 में श्री चैतन्य स्कूल ने भारतीय टीम की ओर से 57 पुरस्कार अपने नाम किए। प्रतियोगिता में भारत समेत 30 देशों ने ऑनलाइन भाग लिया। फरवरी में यह आयोजन हुआ और अब उसका परिणाम आया है। इसके बाद छात्रों में खुशी का माहौल है। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने स्पेस के थ्रीडी मॉडल प्रस्तुत करके बेहतर प्रदर्शन कर अधिकतम पुरस्कार अपने नाम किया। स्कूल निदेशक सीमा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया के 31 देशों ने हिस्सा लिया। इसमें कुल 134 विजेता प्रोजेक्ट्स घोषित किए गए। भारत को कुल 80 पुरस्कार मिले और इनमें से 57 पुरस्कार उन्हीं के छात्रों ने झटके। प्रतियोगिता में 6 प्रथम पुरस्कार, 11 द्वितीय पुरस्कार, 10 तृतीय पुरस्कार और 30 अन्य सम्माननीय पुरस्कार हासिल किए। 57 विजेता प्रोजेक्ट्स में 549 छात्रों ने भाग लिया।

## कमरे में लगी आग से बुजुर्ग महिला की झुलसने से मौत

**लोनी, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** बलराज नगर कॉलोनी स्थित घर के अंदर कमरे में आग लगने से बुजुर्ग महिला पुष्पा (65) की जलकर मौत हो गई। इस दौरान परिवार के लोग दूसरे कमरे में थे। परिवार ने संभावना जताई है कि बीड़ी जलाने के दौरान चिंगारी से आग लगी थी। महिला काफी हद तक जल गई थीं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है और पुलिस ने बिसरा सुरक्षित रखकर लैब भेजने की बात कही है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बॉर्डर थाना क्षेत्र के सोनू भाई गंगा राम, पत्नी दीपू, दो बेटे, तीन बेटियां और 65 वर्षीय मां पुष्पा के साथ रहते हैं। सोनू अपने बेटे के साथ काम से बंगलूरू गए। किराए के मकान में दो कमरे हैं। एक में बुजुर्ग महिला दूसरे में सोनू का परिवार रहता है। पुष्पा के भाई सुभाष ने पुलिस को बताया कि रात करीब ढाई बजे सोनू की पत्नी दीपू ने देखा कि सास के कमरे से धुआं निकल रहा था। आग बुझाई और कमरे में जाकर देखा तो उनकी बहन काफी हद तक जल चुकी थीं।

## दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में दो गुटों में विवाद, एक युवक को मारी गोली

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में स्थित शोशा क्लब के बाहर शुक्रवार देर रात गोली चलने की घटना सामने आई है, जिसमें एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान समीर के रूप में हुई है, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। यह पूरा मामला दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, 30 मार्च को भी इन गुटों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद तनाव बना हुआ था।

## ईस्ट दिल्ली में सक्रिय अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, दो चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** ईस्ट दिल्ली के प्रीत विहार पुलिस स्टेशन की टीम ने हाल ही में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो चोरों को पकड़ लिया और उनके कब्जे से एक चोरी की होंडा एक्टिवा स्कूटी और दो चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद किए।



इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र, राम सिंह, रवींद्र और कांस्टेबल चेतन की टीम ने 1 अप्रैल को चित्रा विहार रोड के पास गश्त के दौरान दो संदिग्ध युवकों को देखा। ये दोनों बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी पर सवार थे। जैसे ही उन्होंने पुलिस को देखा दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। स्कूटी की जांच में पता चला कि होंडा एक्टिवा (नीली) चोरी की गई है, जो पहले से दर्ज ई-एफआईआर में शामिल थी। तलाशी में मोहिन उर्फ कट्टर के पास से एक सैमसंग गैलेक्सी ए54 और गुल्फाम उर्फ तब्बा के पास से सैमसंग एम31 बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने यह स्कूटी लगभग तीन महीने पहले गीता कॉलोनी से चुराई थी और इसका इस्तेमाल मोबाइल चोरी के लिए कर रहे थे। उनका प्लान था कि कई चोरी के बाद स्कूटी बेच देंगे। दोनों को गिरफ्तार किया गया और कानूनी प्रक्रिया आगे जारी है। मोहिन 25 साल का और आराम पार्क, शास्त्री नगर का रहने वाला है, जबकि गुल्फाम 23 साल का और खुरेजी खास, शाहदरा का निवासी है। दोनों पहले भी कई मामलों में शामिल रहे हैं। गुल्फाम के नाम पर सात और मोहिन के नाम पर 10 केस दर्ज हैं, जिनमें चोरी, हथियारों का मामला और अन्य अपराध शामिल हैं। वही, पूर्वी जिले में चोरी और झपटमारी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लगातार प्रयासों के तहत स्पेशल स्टाफ की टीम ने पूरी सटीकता और सतर्कता के साथ काम करते हुए एक सक्रिय अपराधी को धर दबोचा।

## गोरखधंधा : दिल्ली में नकली टूथपेस्ट बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश

### मालिक गिरफ्तार; मशीनें और कच्चा माल बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली के कंझावला में नकली टूथपेस्ट बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है और इसके मालिक हरि ओम मिश्रा को गिरफ्तार किया है। कुल जब्त सामान में हजारों नकली ट्यूब (भरी हुई और खाली), कच्चा माल और उत्पादन के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनरी शामिल है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार के अनुसार इंस्पेक्टर आशीष शर्मा की टीम ने सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को महावीर विहार स्थित गोदाम पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में नकली टूथपेस्ट, खाली ट्यूब, पैकेजिंग सामग्री, मशीनें, ब्रांड नाम लिखे टेप, गोंद, हीटिंग गन और कच्चा माल जब्त किया। उन्होंने बताया, जब्त किए गए सामान की कीमत कई लाख रुपये है। अस्वच्छ निर्माण



स्थितियों के कारण इससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा था।

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि पुलिस टीम जब फैक्टरी में पहुंची तब छह मजदूर स्थानीय स्तर पर बना पेस्ट प्रतिष्ठित टूथपेस्ट ब्रांड सेंसोडाइन के ट्यूब में भर रहे थे। मजदूरों ने पुलिस को बताया कि यह इकाई रोहिणी निवासी हरि ओम मिश्रा की है।

इसके बाद पुलिस ने ओम विहार एक्सटेंशन, उत्तम नगर निवासी हरि ओम (58) को बिना लाइसेंस, बिल या वैध दस्तावेज के किराये के परिसर से इकाई संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस कार्रवाई से घटिया और संभावित रूप से हानिकारक नकली टूथपेस्ट के बाजार में आने से रोक लगी है, जिससे उपभोक्ताओं को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती थीं।

### ऐसे करते थे पैकिंग

पुलिस ने बताया कि आरोपी सेंसोडाइन ब्रांड की ट्यूबों में अस्वच्छ, स्थानीय स्तर पर बना पेस्ट भरते थे, उन्हें सील करते थे। फिर कार्टन में पैक कर उन्हें बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचते थे। यह अवैध सेटअप खानजावाला स्थित महावीर विहार में चल रहा था।

### यह हुई बरामदगी

पुलिस ने 1,800 सील की हुई नकली सेंसोडाइन ट्यूब, 10,472 खाली ट्यूब और 616 ढक्कन लगी ट्यूब बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि टीम ने करीब 130 किलोग्राम नीला लोकल कच्चा पेस्ट भी जब्त किया है।

# बिना पीयूसी दिल्ली में नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, प्रदूषण पर सख्त नियम लागू

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब नो पीयूसी-नो फ्यूल नियम साल भर सख्ती से लागू रहेगा। 1 नवंबर से गैर-बीएस-5 भारी वाहनों की राजधानी में एंट्री बंद कर दी जाएगी। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 लॉन्च किया, जिसमें प्रदूषण के सभी बड़े कारणों पर एक साथ काम करने की रणनीति बनाई गई है। पहले मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए, जिसमें वाहनों का धुआं, सड़क की धूल,



निर्माण कार्य, औद्योगिक प्रदूषण और कचरा जलाने जैसे प्रमुख कारणों पर सख्त एक्शन प्लान लागू किया गया है। कुल 11 सेक्टर में काम होगा और हर विभाग की जिम्मेदारी तय की गई है। सीएम ने कहा कि यह सिर्फ योजना नहीं, बल्कि तय समयसीमा, तकनीक और जवाबदेही के साथ चलने वाला अभियान है।

**वाहनों पर सबसे ज्यादा सख्ती:** सरकार ने वाहन प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाया है। नो पीयूसी-नो फ्यूल नियम को सख्ती से लागू किया जाएगा। इसके लिए एएनपीआर कैमरे और डिजिटल सिस्टम लगाए जा रहे हैं ताकि बिना पीयूसी वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल न मिले। सबसे बड़ा फैसला यह है कि 1 नवंबर से दिल्ली में केवल बीएस-5, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहनों को ही एंट्री मिलेगी। बिना जरूरी काम के आने वाले भारी वाहनों पर भी रोक लगाई जाएगी। प्रदूषण ज्यादा होने की स्थिति में वर्क फ्रॉम होम, दफ्तरों के समय में बदलाव और वाहनों पर अतिरिक्त पाबंदियों जैसे कदम भी उठाए जाएंगे।

**पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ईवी पर फोकस:** सरकार का जोर निजी वाहनों को कम करने पर है। इसके लिए 2028-29 तक बसों की संख्या बढ़ाकर 13,760 करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या इलेक्ट्रिक बसों की होगी। मेट्रो और आरआरटीएस नेटवर्क के साथ फीडर बस, ई-ऑटो और साझा सवारी को जोड़कर लास्ट माइल कनेक्टिविटी बेहतर की जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए अगले चार साल में 32,000 चार्जिंग प्वाइंट लगाए जाएंगे। नई ईवी पॉलिसी में दोपहिया और कॉमर्शियल वाहनों पर खास ध्यान रहेगा, जबकि सरकारी वाहनों को भी साफ ईंधन में बदला जाएगा।

### जाम और धूल पर एक्शन

दिल्ली में ट्रैफिक जाम को प्रदूषण की बड़ी वजह माना गया है। इसके लिए 62 बड़े हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां समयबद्ध सुधार होगा। साथ ही शहर में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है। सड़क की धूल को नियंत्रित करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन और मिस्ट स्प्रे सिस्टम बड़े स्तर पर लगाए जा रहे हैं। इनकी निगरानी जीपीएस और सेंट्रल डैशबोर्ड से रियल-टाइम में होगी।

### सड़क और निर्माण पर निगरानी

करीब 3,500 किलोमीटर सड़कों का पुनर्विकास किया जाएगा, जिससे धूल कम होगी। गड्ढों की समयबद्ध मरम्मत और रोड मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू किया जाएगा। निर्माण कार्यों पर नजर रखने के लिए एआई आधारित सीएंडडी पोर्टल 2.0 शुरू किया जाएगा, जिससे रियल-टाइम मॉनिटरिंग और सख्त कार्रवाई संभव होगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नए लेबर कोड के तहत अब कुछ कर्मचारियों को 1 साल के बाद भी मिलेगा ग्रेच्युटी का अधिकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

नए लेबर कोड के तहत ग्रेच्युटी के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। अब कुछ योग्य कर्मचारियों को सिर्फ एक साल की लगातार सेवा के बाद भी ग्रेच्युटी पाने का अधिकार मिल सकता है, जबकि पहले इसके लिए 5 साल तक नौकरी करना जरूरी था। नवंबर 2025 से लागू हुए इन नए श्रम कानूनों के अनुसार, फिक्स्ड-टर्म और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को आनुपातिक आधार पर ग्रेच्युटी पहले से मिलने लगेगी। हालांकि एनडीटीवी प्रॉफिट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्थायी (परमानेंट) कर्मचारियों के लिए अभी भी 5 साल की सेवा पूरी करनी जरूरी है, लेकिन मृत्यु या दिव्यांगता के



मामलों में छूट दी गई है।

फिक्स्ड-टर्म कर्मचारी वे होते हैं जिन्हें कंपनियां एक तय समय के लिए लिखित कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त करती हैं, जो आमतौर पर एक या दो साल का हो सकता है। अब ऐसे कर्मचारियों की ग्रेच्युटी उनकी नौकरी की अवधि के अनुसार तय की जाएगी।

इन नए नियमों से देश के औपचारिक (फॉर्मल) सेक्टर के लाखों कर्मचारियों को नौकरी के बाद मिलने वाले लाभों तक पहुंच आसान हो सकती है। नए लेबर कोड के मुताबिक, ग्रेच्युटी की गणना वेतन के आधार पर होगी, जो कर्मचारी के कुल सीटीसी (कॉस्ट-टू-कंपनी) का कम से कम 50 प्रतिशत होना चाहिए। श्रम मंत्रालय के अनुसार, वेतन में बेसिक सैलरी, महंगाई भत्ता (डीए), रिटेनिंग अलाउंस और अन्य भत्ते शामिल होते हैं, जो कर्मचारी को दिए जाते हैं।

जिन कर्मचारियों का पहले बेसिक वेतन कम था, उनके लिए अब ग्रेच्युटी की रकम में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

ग्रेच्युटी एक कानूनी रूप से अनिवार्य एकमुश्त (लंप-सम) भुगतान होता है, जो नियोक्ता अपने कर्मचारी को उसकी लंबी सेवा के सम्मान में देता है, आमतौर पर 5 साल की सेवा या रिटायरमेंट के बाद।

श्रम मंत्रालय ने अपने एफएक्यू में कहा है कि ग्रेच्युटी के ये नए नियम 21 नवंबर 2025 से लागू हो गए हैं और संस्थानों को इसके लिए अपने अकाउंटिंग नियमों के अनुसार प्रावधान करना होगा। इसका मतलब है कि 21 नवंबर 2025 या उसके बाद नौकरी जॉइन करने वाले कर्मचारी ही एक साल की लगातार सेवा पूरी करने के बाद ग्रेच्युटी का दावा कर सकेंगे।

## भारत का एक और एलपीजी टैंकर ग्रीन सान्वी ने होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक किया पार, दो और टैंकर लाइन में

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय ध्वज लगा एक और एलपीजी टैंकर ग्रीन सान्वी होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से गुजर गया। जहाज ट्रैकिंग डाटा के अनुसार, यह इस अहम समुद्री मार्ग को सुरक्षित पार करने वाला सातवां भारतीय पोत है।

जहाज ने ईरान के समुद्री इलाके से होकर एक तय रास्ते का इस्तेमाल किया ताकि वह रणनीतिक रूप से संवेदनशील पानी के रास्ते से गुजर सके। अनुमान लगाया जा रहा है कि टैंकर में लगभग 44,000 टन एलपीजी है, जो पश्चिम एशिया में चल रहे झगड़े से पहले भारत में लगभग आधे दिन की एलपीजी की खपत के बराबर है।

## फटाफट खबरें

### बालासोर के प्लास्टिक उद्योग में ठप पड़ा उत्पादन, मजदूरों पर संकट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** ओडिशा के बालासोर स्थित गणेश्वरपुर औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक उद्योग इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में आपूर्ति बाधित होने के कारण कच्चे माल की कमी हो गई है, जिसका सीधा असर उत्पादन और मजदूरों की आजीविका पर पड़ रहा है। भुवनेश्वर से करीब 205 किलोमीटर दूर बालासोर का गणेश्वरपुर औद्योगिक क्षेत्र, जो प्लास्टिक और पॉलिमर उत्पादों के लिए जाना जाता है, इन दिनों सुस्त पड़ा है। यहां संचालित लगभग 20 एमएसएमई इकाइयों में उत्पादन लगभग ठप हो गया है। पॉलिप्रोपिलीन जैसे कच्चे माल की कमी के चलते मशीनें लंबे समय तक बंद रखी जा रही हैं।

### गिरते बाजार में म्युचुअल फंड का बड़ा दांव, मार्च में निवेश 1 लाख करोड़ के पार

**मुंबई, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** मार्च में शेयर बाजार की तेज गिरावट के बीच घरेलू म्युचुअल फंडों ने अवसर का लाभ उठाते हुए इक्विटी में भारी निवेश किया। विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड बिकवाली के बावजूद बाजार को स्थिरता देने में इनकी अहम भूमिका रही। शेयर बाजार में मार्च के दौरान भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जहां निफ्टी में करीब 11 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट कोविड महामारी के बाद की सबसे बड़ी मासिक गिरावट रही। इस गिरावट को घरेलू म्युचुअल फंडों ने निवेश के अवसर के रूप में लिया और शेयरों में जमकर खरीदारी की। अंतरिम आंकड़ों के अनुसार, मार्च में म्युचुअल फंडों का इक्विटी में कुल निवेश 1 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। पूरे वित्त वर्ष 2026 में यह निवेश 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के 4.7 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर से भी ज्यादा है। दूसरी ओर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 1.23 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिकवाली की। इसके बावजूद घरेलू फंडों की मजबूत लिवाली ने बाजार पर इसके नकारात्मक प्रभाव को काफी हद तक संतुलित किया। विशेषज्ञों के अनुसार, इक्विटी योजनाओं में बढ़ते निवेश, सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निरंतर प्रवाह और गिरावट के दौरान एकमुश्त निवेश में तेजी ने म्युचुअल फंडों की खरीदारी को बढ़ावा दिया।

## 2028 में ए-क्लास की नई जनरेशन को लॉन्च करेगी मर्सडिज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** लग्जरी कार निर्माता कंपनी मर्सडिज बेंझ अपनी एंट्री-लेवल कार मर्सडिज ए-क्लास को 2028 में ए-क्लास की नई जनरेशन को ग्लोबली लॉन्च करेगी। यह कार पहले से ज्यादा आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत होगी। खास बात यह है कि यह मॉडल पेट्रोल, हाइब्रिड और पूरी तरह इलेक्ट्रिक विकल्पों में उपलब्ध रहेगा। नई ए-क्लास को एमएमए प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा, जिस पर मर्सडिज बेंझ सीएलए भी आधारित है। पावरट्रेन की बात करें तो हाइब्रिड वर्जन में 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलने की संभावना है, जो 156बीएचपी से 212बीएचपी तक की पावर दे सकता है। वहीं इलेक्ट्रिक वर्जन में 58केडब्ल्यूएच और 85केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। डिजाइन के लिहाज से यह कार पहले से ज्यादा बड़ी और स्पेसियस होगी। इसमें 'शार्क-नोज' फ्रंट डिजाइन और बढ़ी हुई ग्राउंड क्लीयरेंस दी जाएगी, जिससे इसका लुक और भी प्रीमियम नजर आएगा।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बिक्री के नए रिकॉर्ड किए कायम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

मार्च 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बिक्री के नए रिकॉर्ड कायम किए हैं। महिंद्रा की डोमेस्टिक एसयूवी बिक्री 60,272 यूनिट तक पहुंच गई, जो मार्च 2025 के 48,048 यूनिट्स के मुकाबले 25 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी दर्शाती है। वहीं, कुल बिक्री (एक्सपोर्ट और कमर्शियल व्हीकल सहित) 99,969 यूनिट रही, जो पिछले साल के मुकाबले 21 प्रतिशत की ग्रोथ को दिखाती है।

पूरे वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने एसयूवी सेगमेंट में अब तक की सबसे अधिक 6,60,276 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो एफवाय 25 के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है। इससे साफ है कि कंपनी की एसयूवी-



केंद्रित रणनीति को बाजार में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

लाइट कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में भी कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन किया। मार्च में इसकी घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 24,928 यूनिट हो गई, जबकि पूरे वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 2,89,597 यूनिट तक पहुंच गया। एक्सपोर्ट में हल्की गिरावट जरूर देखी गई और मार्च में यह 3,968 यूनिट रहा, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में स्थिरता बनी रही, जबकि थ्री-व्हीलर सेगमेंट में जबरदस्त उछाल देखने को मिला।

मार्च में थ्री-व्हीलर बिक्री 39 प्रतिशत बढ़कर 10,801 यूनिट तक पहुंच गई, जो कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत है। इसी बीच कंपनी अपनी लोकप्रिय एसयूवी महिंद्रा स्कारपियो-एन के फेसलिफ्ट वर्जन को अगस्त 2026 में लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। नए मॉडल में अपडेटेड डिजाइन, पैनोरमिक सनरूफ, अडास लेवल-2, 360 डिग्री कैमरा और बड़ा टचस्क्रीन सिस्टम जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है।

# स्मार्टफोन आईकू 15 अपेक्स एडिशन लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

भारतीय बाजार में आईकू कंपनी ने अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन आईकू 15 अपेक्स एडिशन को लॉन्च कर दिया है। यह नया वेरिएंट कंपनी के पहले से मौजूद अल्फा और लेजेंड कलर ऑप्शंस के साथ लाइनअप में शामिल हो गया है। फोन में क्वालकॉम का फ्लैगशिप स्नैपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 प्रोसेसर दिया गया है, जो 3 एनएम तकनीक पर आधारित है और हाई-परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। डिवाइस में 6.85 इंच का 2के रिजॉल्यूशन वाला एलटीपीओ अमोलेड डिस्प्ले मिलता है, जो 144एचझेड तक के रिफ्रेश रेट और 6000 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट करता है। इसके साथ ही यूजर्स को वेट फिंगर कंट्रोल और एंटी-रिफ्लेक्टिव स्क्रीन जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।


आईकू 15 अपेक्स एडिशन में 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जो 100वॉट वायर्ड और 40वॉट वायरलेस फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें 50एमपी का सोनी आईएमएक्स921 प्राइमरी सेंसर, 50एमपी टेलीफोटो पेरिस्कोप लेंस और 50एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा दिया गया है, जबकि फ्रंट में 32एमपी का सेल्फी कैमरा मौजूद है। यह स्मार्टफोन 12जीबी +256जीबी और 16जीबी+512जीबी स्टोरेज वेरिएंट में उपलब्ध है, जिसकी प्रभावी कीमत क्रमशः 66,999 रुपये और 73,999 रुपये रखी गई है। इसकी बिक्री 6 अप्रैल से शुरू होगी और ग्राहक इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के साथ ऑफलाइन स्टोर्स से भी खरीद सकेंगे।

# वैश्विक संकटों से भारत मजबूती से उबर रहा है: एस. जयशंकर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत ने हाल के वैश्विक झटकों का मजबूती से सामना किया है। उन्होंने यह बात पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उसके आर्थिक असर के संदर्भ में कही। एस. जयशंकर ने आईआईएम रायपुर के दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में कहा कि बढ़ते वैश्विक तनाव के माहौल के बावजूद भारत ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह की चुनौतियों को 'काफी हद तक सफलतापूर्वक' संभाला है।

उन्होंने कहा कि अब किसी भी क्षेत्र में होने वाले संघर्ष का असर सिर्फ वहीं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वैश्वीकरण के कारण उसका प्रभाव दुनिया के अन्य हिस्सों में भी महसूस किया जाता है। उन्होंने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं है कि हाल के समय में कई वैश्विक झटकों ने हमारी मजबूती की परीक्षा ली है और भारत इनसे मजबूती के साथ बाहर निकला है।' मंत्री ने यह भी बताया कि फरवरी में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद पश्चिम एशिया में पैदा हुआ संकट वैश्विक ईंधन सप्लाई चेन को प्रभावित कर रहा है और इससे हाइड्रोकार्बन की कमी भी देखी जा रही है। जयशंकर ने कहा कि मजबूत घरेलू क्षमताएं विकसित



करना जोखिम को कम करने और रणनीतिक ताकत बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

उन्होंने बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर भी इशारा किया, जहां ताकत और प्रभाव का संतुलन लगातार बदल रहा है, और कहा कि मौजूदा अस्थिरता संरचनात्मक है। उनके अनुसार, टेक्नोलॉजी, ऊर्जा, सैन्य क्षमता, कनेक्टिविटी और संसाधनों में तेजी से हो रहे बदलावों ने देशों के बीच प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि आज हर चीज का इस्तेमाल रणनीतिक रूप से किया जा रहा है, और कई मामलों में इसे हथियार की तरह भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इस वजह से अब देशों और आर्थिक नीतियों में जोखिम कम करने, विविधता बढ़ाने और मजबूती पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। जयशंकर ने कोविड-19 महामारी, जारी युद्ध और जलवायु परिवर्तन को इस दशक की सबसे बड़ी चुनौतियां बताया।

# साल 2026 में ऐप्पल 15 से ज्यादा नए डिवाइस करेगी लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

टेक दिग्गज ऐप्पल साल 2026 में 15 से अधिक नए डिवाइस लॉन्च कर सकती है, जिनमें आईफोन, मेक, आईपैड, ऐप्पल वॉच और स्मार्ट होम प्रोडक्ट्स शामिल होंगे। इनका मुख्य फोकस नए चिपसेट, डिजाइन अपग्रेड और बेहतर इकोसिस्टम इंटीग्रेशन पर रहेगा। आईफोन लाइनअप में इस बार बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मेक्स में नए ए20 प्रो चिप, उन्नत कैमरा सिस्टम और छोटा डायनेमिक आइलैंड मिलने की संभावना है। इसके अलावा कंपनी अपना पहला फोल्डेबल आईफोन भी पेश कर सकती है, जिसमें 7.7 इंच की इनर स्क्रीन और 5.3 इंच की



आउटर स्क्रीन दी जा सकती है। यह डिवाइस आईओएस 27 के साथ बेहतर मल्टीटास्किंग अनुभव देगा। वियरेबल सेगमेंट में ऐप्पल वॉच सीरीज 12 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 4 के लॉन्च की उम्मीद है। इन स्मार्टवॉच में नए चिप अपग्रेड, बेहतर परफॉर्मेंस और टच आईडी जैसे एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स देखने को मिल सकते हैं, जिससे यूजर एक्सपीरियंस और मजबूत होगा। आईपैड लाइनअप में आईपैड 12 और नया आईपैड मिनी शामिल हो सकता है।

आईपैड मिनी में ओलेड डिस्प्ले, प्रो-सीरीज चिप, बेहतर ऑडियो और वाटर-रेसिस्टेंट डिजाइन मिलने की संभावना जताई जा रही है। वहीं मेक सेगमेंट में मेक स्टूडियो, मेक मिनी, आईमेक और नया मेकबुक प्रो लॉन्च हो सकता है, जिनमें एम5 और एम6 सीरीज के पावरफुल चिप्स दिए जाएंगे। इसके अलावा कंपनी स्मार्ट होम कैटेगरी में भी तेजी से विस्तार कर रही है। नया एप्पल टीवी, होमपॉड मिनी और एक स्मार्ट होम हब लॉन्च किया जा सकता है, जिसमें ऐप्पल इंटेलिजेंस और फेसटाइम सपोर्ट मिलेगा। कुल मिलाकर, 2026 ऐप्पल के लिए इनोवेशन से भरा साल साबित हो सकता है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा कुख्यात बदमाश सलीम उर्फ गंजा, मुठभेड़ में हुआ घायल, हथियार बरामद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

दक्षिण-पूर्व जिला दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। कुख्यात अपराधी मोहम्मद सलीम उर्फ गंजा, जो हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी/सेंधमारी सहित 75 से अधिक आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है और 20 से अधिक मामलों में वांछित चल रहा था, के साथ बदरपुर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई।

मोहम्मद सलीम उर्फ गंजा एक अत्यंत शातिर एवं दुस्साहसी अपराधी है, जो दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर सलीम पहलवान की हत्या में भी शामिल रहा है। इसके अतिरिक्त, यह आरोपी सलीम गैंग के एक अन्य सदस्य की हत्या में भी संलिप्त रहा है। यह आरोपी नासिर एवं दानिश पहलवान गिरोह का सक्रिय सदस्य है और लंबे समय से क्षेत्र में गंभीर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम ने संदिग्ध को घेरने का प्रयास किया, जिस दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई।

# गैस सिलिंडर की कमी से लौटा स्टोव का जमाना, मांग के चलते कीमत बढ़ी; दिल्ली से पलायन ने पकड़ी रफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

एलपीजी किल्लत के कारण आम लोग खासकर मजदूर वर्ग खासे परेशान हैं। आसानी से सिलिंडर नहीं मिलने के कारण हालात ऐसे हो गए हैं कि साल पहले घरों से गायब केरोसिन स्टोव विकल्प के रूप में एक बार फिर जरूरत बनकर उभर रहा है। केंद्र सरकार ने आपात परिस्थितियों को देखते हुए केरोसिन तेल की बिक्री की अनुमति तो दे दी है, लेकिन बाजार में तेल उपलब्ध नहीं होने से लोग परेशान हैं। इस कारण मजदूर वर्ग पलायन करने को भी मजबूर हैं।

सदर बाजार और चांदनी चौक जैसे थोक बाजारों में केरोसिन स्टोव की कमी देखी जा रही है। कभी इन बाजारों में स्टोव की भरमार होती थी, लेकिन बदलते समय के साथ इनकी मांग लगभग समाप्त हो गई थी।

पहले सिलिंडर उसके बाद इंडक्शन उपयोग के कारण व्यापारियों ने धीरे-धीरे इसे बेचना छोड़ दिया। अब गैस संकट के चलते स्टोव की मांग अचानक बढ़ी है तो बाजार इसकी आपूर्ति करने में असमर्थ दिखाई दे रहा है। जो साधारण स्टोव पहले 400 से 600 रुपये में आसानी से मिल जाते थे, उनकी कीमत अब 1500 से 1800 रुपये तक पहुंच गई है। बड़े स्तर पर उपयोग होने वाली केरोसिन-डीजल भट्टियों के दाम 30 हजार रुपये तक पहुंच गया है। बावजूद बाजार में आसानी से नहीं मिल रहा है। सदर बाजार के व्यापारी सुरेश ने बताया कि उनके परिवार का पुराना व्यवसाय स्टोव बेचना था, लेकिन केरोसिन के उपयोग में कमी आने के कारण उन्होंने यह काम छोड़ दिया।



### नई पीढ़ी के लिए केरोसिन स्टोव बना चुनौती

नई पीढ़ी के अधिकांश लोग केरोसिन स्टोव का उपयोग करना नहीं जानते हैं। मुनिरका में काम करने वाली घरेलू सहायिका मीना ने बताया कि उनका सिलिंडर खत्म हो चुका है। वह कई बाजारों में स्टोव की तलाश कर चुकी हैं, लेकिन उन्हें कहीं नहीं मिला। वहीं, आरके पुरम में रहने वाली गृहिणी प्रेरणा ने बताया कि उनके घर में पिछले तीन दशकों से केवल गैस चूल्हे का उपयोग हो रहा है। उन्होंने कभी स्टोव पर खाना नहीं बनाया, अब यह स्थिति उनके लिए नई और चुनौतीपूर्ण बन गई है।

### बढ़ रहा पलायन, बस अड्डों-स्टेशनों पर लोगों की भीड़

रोजी रोटी की तलाश में घर से हजारों किलोमीटर दूर पहुंचे मजदूर वर्ग के लिए एलपीजी संकट से पेट भरना भी मुश्किल हो गया है। इन संकटों से जूझ रहे खासकर मजदूर वर्ग के लोग अपने घर लौटने को मजबूर हो रहे हैं। इस कारण बड़ी संख्या में पलायन कर रहे लोगों की भीड़ इन दिनों बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों पर देखी जा रही है। सिलेंडर न मिलने, बाहर खाने की महंगाई और काम की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग घर जाना ही मुनासिक समझ रहे हैं।

## स्टोव खरीदना आसान, केरोसिन मिलना मुश्किल

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

बाजारों में स्टोव की बिक्री में तेजी देखी जा रही है, लेकिन उपभोक्ताओं के सामने सबसे बड़ी समस्या केरोसिन की कमी और बढ़ती कीमतें बनी हुई हैं। इंडक्शन चूल्हों के बढ़ते इस्तेमाल के बावजूद, लोग स्टोव पर भरोसा कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि स्टोव तो बिक रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी परेशानी केरोसिन की कमी है। कई दुकानदारों ने बताया कि पहले एक लीटर केरोसिन की कीमत सामान्य थी, लेकिन अब बढ़ गई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोग किराना की दुकानों और सरकारी राशन की दुकानों पर केरोसीन की तलाश कर रहे हैं।

कई दुकानदारों का कहना है कि केरोसीन के दाम पिछले साल की तुलना में लगभग 20-30 प्रतिशत बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा, ईंधन की कीमत बढ़ने के कारण ग्राहक सोच-समझकर ही खरीदारी करते हैं। छोटे परिवार के लिए यह रोजमर्रा का खर्च बढ़ा देता है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि स्टोव खरीदना आसान है, लेकिन ईंधन के बिना इसका इस्तेमाल मुश्किल हो गया है। स्टोव तो है, लेकिन केरोसिन नहीं मिलता और अगर मिलता भी है तो महंगा है। इससे रोजमर्रा का खर्च बढ़ रहा है।

## राजधानी के रेल नेटवर्क में लगेंगे हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर, सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

राजधानी में रेल यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए उत्तर रेलवे आधुनिक तकनीक का सहारा लेने जा रहा है। इसके तहत ट्रेनों में तकनीकी खराबियों को समय रहते पहचानने के लिए हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) लगाने की योजना है। इससे संभावित रेल हादसों को रोकने में मदद मिलेगी।




इस परियोजना पर करीब 2.71 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत दिल्ली के विभिन्न रेल मार्गों पर करीब 17 हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर लगाए जाएंगे। इसके लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और जल्द ही कार्य आवंटित कर दिया जाएगा। अभी रेलवे द्वारा कवच (ट्रेन टक्कर रोकने की प्रणाली), बायो-वैक्यूम टॉयलेट, एलएचबी कोच का विस्तार और स्टेशन पुनर्विकास जैसी योजना संचालित की जा रही है।

### तुरंत मिलेगा खतरे का संकेत

हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर एक अत्याधुनिक और स्वचालित प्रणाली है, जो चलते हुए ट्रेन के पहियों की धुरी यानी एक्सल के तापमान की निगरानी करती है। यदि किसी डिब्बे या वैगन के एक्सल में असामान्य गर्मी बढ़ती है तो यह सिस्टम तुरंत अलर्ट कर देगा। आमतौर पर एक्सल में अत्यधिक गर्मी होने से बेयरिंग फेल हो सकती है, जिससे पटरी से उतरने जैसे बड़े हादसे हो सकते हैं। यह तकनीक पहले ही खतरे का संकेत देकर रेलवे कर्मचारियों को सतर्क कर देगी, जिससे समय रहते ट्रेन को रोका जा सकेगा और समस्या का समाधान हो सकेगा। आमतौर पर लंबी दूरी की ट्रेनों में कई बार तकनीकी खराबियों का पता देर से चलता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। नई एचएबीडी तकनीक इस जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती है। यह सिस्टम पूरी तरह कंप्यूटरीकृत होगा और लगातार निगरानी करेगा। इससे न केवल सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि ट्रेनों की समयपालन क्षमता में भी सुधार होगा, क्योंकि तकनीकी खराबियों के कारण होने वाली देरी में कमी आएगी।

### पूरे नेटवर्क में हो सकता है विस्तार

इस योजना को भविष्य में पूरे रेलवे नेटवर्क में लागू किया जा सकता है। इससे देशभर में रेल सुरक्षा के स्तर को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। यह निविदा मेक इन इंडिया नीति के तहत जारी की गई है, जिसमें स्थानीय सामग्री और स्वदेशी तकनीक को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे देश में तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा।

**6 महीने में पूरा होगा काम, 5 साल तक होगा रखरखाव** : रेलवे ने इस परियोजना को पूरा करने के लिए 6 महीने की समयसीमा तय की है। साथ ही, इन उपकरणों के रखरखाव के लिए 5 साल का व्यापक वार्षिक मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट भी शामिल है। इस पर करीब 1.72 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च होंगे।

## कराटे प्रतियोगिता में साहिबाबाद के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

सब जूनियर, कैडेट और जूनियर वर्ग की जिला करारे प्रतियोगिता का राजनगर एक्सटेंशन स्थित निजी होटल में हुई। इसमें साहिबाबाद की डेनियल करारे मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कई पदक झटके। इसमें विराज सिंह सिद्धू, सुयश कौशिक, जहान्वी शर्मा, तनीषा कसाना, शिवम चौहान, विराज चौधरी, ओमीषा शर्मा, अद्विक त्यागी, वैष्णवी भारद्वाज, विराट सोलंकी, युवराज चौधरी, अपूर्व चौहान, वत्सल त्यागी और कृष्णा नेगी ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं, अहाना, साक्षी और संभव सैनी ने रजत पदक हासिल किया, जबकि एकमजीत सिंह, श्रीजा चौधरी, अथर्व सकलानी और लारान्या ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण, रजत और कांस्य विजेताओं का चयन आगामी राज्य करारे प्रतियोगिता के लिए हुआ है और यह 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ स्थित चक स्टेडियम में होगी। इस मौके कोच डेनियल बैद, शिहान सुरेश कुमार और क्योशी जसपाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र की हत्या के मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल। अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने सात फरवरी 2023 को हुए छात्र विपिन हत्याकांड में आरोपी सचिन की जमानत याचिका खारिज कर दी। यह मामला थाना सेक्टर-58 में दर्ज एफआईआर से संबंधित है। अदालत में दायर याचिका के अनुसार करीब 16-17 वर्षीय छात्र विपिन स्कूल से लौटते समय अपने गांव के पास बाइक से जा रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने बेरहमी से पीटा और चाकू से कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। जांच में सामने आया कि यह वारदात आपसी रंजिश के चलते अंजाम दी गई थी। पुलिस ने मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी थी। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी सचिन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

### बुजुर्ग को बाइक सवार ने मारी टक्कर

फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल। खेड़ीपुल थाना इलाके की भारत कॉलोनी में बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हाउसिंग बोर्ड कालोनी ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भारत कालोनी में उनके पिता उत्तर कुमार किराना दुकान चलाते हैं। 31 मार्च को प्रमोद के पिता सड़क पार कर दुकान की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रमोद अस्पताल पहुंचे तो बाइक सवार युवक ने बताया कि किसी ऑटो चालक ने आपके पिता को टक्कर मारी है। बाद में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर पता चला कि बाइक सवार ने ही टक्कर मारी थी। शिकायत पर खेड़ीपुल थाना पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

**तीन मकानों में चोरी:** खेड़ीपुल थाना इलाके के हनुमान नगर में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों से नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पहले मामले में गली नंबर-7 निवासी संतोष राय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 4:30 बजे उनके घर से 40 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन चोरी हो गया।

## दिल्ली हाईकोर्ट को आर श्रीनिवास ने 1000 से ज्यादा धमकी भरे मेल भेजे थे, लैपटॉप की पड़ताल से चला पता

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

देश भर में धमकी भरे मेल भेजने वाला लुईस श्रीनिवास उर्फ आर. श्रीनिवास धमकी भरे मेल भेजने में इतना शातिर हो गया था कि उसने अकेले दिल्ली हाईकोर्ट में ही 1000 से ज्यादा धमकी भरे मेल भेजे थे। ये खुलासा करीब सात दिन पहले पकड़े गए आरोपी के लैपटॉप से हुआ है।

आरोपी आर. श्रीनिवास को पकड़ने वाली दिल्ली पुलिस की नई दिल्ली जिले की साइबर थाना पुलिस ने मैसूर स्थित उसके घर से बृहस्पतिवार को लैपटॉप बरामद किया है।



आरोपी इसी लैपटॉप से ही धमकी भरे मेल भेजता था। आरोपी का असली नाम आर श्रीनिवास है, मगर वह पहचान बदलकर लुईस श्रीनिवास बनकर रह रहा था। नई दिल्ली जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी दिल्ली हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट समेत देश के सभी हाईकोर्ट को धमकी भरे मेल भेजा चुका है। उसने पाकिस्तान सरकार व पाकिस्तान के हाईकोर्ट को धमकी भरे मेल भेजे थे। इस पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये धमकी भरे मेल कई साल से भेज रहा था। शुरूआत में ये जनरल मेल भेजता था।

धीरे-धीरे इसके मेल खतरनाक होते चले गए। पिछले कुछ महीने से वह मेलों में बम जैसे शब्दों का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करने लगा था। अब इसके मेल बहुत ज्यादा सीरियस हो गए थे और सुरक्षा एजेंसियां बहुत ज्यादा परेशान होने लग गई थीं। उसने मार्च महीने तक ही दिल्ली हाईकोर्ट को 1000 से ज्यादा धमकी भरे मेल भेज दिए थे।

कुछ मेल इसने कन्नड़ भाषा में भेजे थे। पुलिस इसके लैपटॉप को फोरेंसिक जांच के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की वह आईडी मिल भी गई है जिससे वह धमकी भरे मेल भेजता था। उसने आईडी याहू पर बना रखी थी। पुलिस अधिकारियों ने कहा इसको धमकी भरे मेल भेजकर लोगों को तंग व दुखी करने में मजा आता था। वह इसके जगह धमकी भरा भेजता था तो अन्य जगहों पर वह सीसी करके भेजता था।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



रियाद में सॉकर फुटबॉल सऊदी प्रो लीग के दौरान अल नासर बनाम अल नजमा मैच में अल नासर के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी स्पॉट से अपना तीसरा गोल किया।

# श्रेयस अय्यर पर फिर जुर्माना, पंजाब किंग्स कप्तान की बढ़ी मुश्किलें, इस बार राशि बढ़ी

» चेन्नई, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगातार दूसरे मैच में धीमी ओवर रेट की वजह से जुर्माना लगाया गया है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब किंग्स निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक सकी। इस वजह से पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम का दूसरा उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया



जाएगा।' पंजाब किंग्स का सीजन का पहला मुकाबला 31 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया था। इस मैच में भी पंजाब किंग्स जीती थी, लेकिन गेंदबाजी के दौरान पंजाब का ओवर रेट धीमा रहा था। मैच के बाद पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया था। सीएसके के खिलाफ मैच के बाद श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह पहले मैच के जुर्माने (12 लाख) से दोगुना है। हालांकि जुर्माने की राशि श्रेयस अय्यर को ज्यादा निराश नहीं करेगी। उनकी टीम ने सीएसके के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की और अय्यर ने भी तूफानी अर्धशतक लगाते हुए जीत में कप्तान के साथ ही बल्लेबाज के तौर पर बड़ी भूमिका निभाई। मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पंजाब ने गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने आयुष म्हात्रे के 73, शिवम दुबे के 45, और सरफराज खान के 32 रनों की पारी की बदौलत 5 विकेट पर 209 रन बनाए थे। पंजाब ने प्रियांश आर्या के 39, प्रभसिमरन के 43, और कप्तान श्रेयस अय्यर के 50 रनों की मदद से 18.4 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। इस जीत के साथ पंजाब ने अंकतालिका में पहले स्थान पर जगह बना ली है।

## ऋषभ पारी की शुरूआत की जगह निचले क्रम पर ही खेलें : पीटरसन

» लंदन, यूटर्न/ 04 अप्रैल।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को पारी की शुरूआत नहीं करनी चाहिये। पीटरसन के अनुसार इससे ऋषभ पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है जिससे उनकी बल्लेबाजी खराब हो रही है। पीटरसन के अनुसार इस बल्लेबाज का शीर्ष क्रम की जगह अपने वास्तविक क्रम पर खेलना चाहिए। पीटरसन के अनुसार शीर्ष क्रम पर खेलने के कारण वह अपने खेल का आनंद लेने की जगह पर बिना कारण दबाव में आ रहे हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में केवल सात रन ही बना पाये जिससे उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। पीटरसन का कहना है कि इस बल्लेबाज का पारी की शुरूआत में उतरना ठीक नहीं लगता।

पीटरसन ने कहा, ''जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी क्षमता को देखते हैं तो सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है।'' इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, ''पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि 'मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा।' मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए।'' वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर बेवजह ही तनाव में आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अपने को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो।''

## तनाव से बचने क्रिकेट खिलाड़ी गोल्फ भी खेलें : युवराज

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 अप्रैल।



पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने क्रिकेटरों को सलाह दी है कि वे मानसिक थकान से राहत पाने के लिए गोल्फ खेलने का भी आनंद लें। युवराज के अनुसार क्रिकेटरों को तनाव से बचने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना चाहिए। युवराज ने कहा है कि उन्होंने संन्यास के बाद गोल्फ खेलना शुरू किया था। युवराज अब दूसरी इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उनका कहना है कि क्रिकेटरों को अपने करियर के दौरान ही गोल्फ भी खेलना भी जारी रखना चाहिये। साथ ही कहा कि मुझे भी पहले ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए था, इससे मुझे क्रिकेट में भी सहायता मिलती। गोल्फ खेलने का फायदा ये होता है कि शरीर को आराम मिलने के साथ ही तनाव भी कम होता है।

युवराज ने कहा, इसी कारण अधिकतर विदेशी क्रिकेटर शुरूआत से ही गोल्फ खेलते आ रहे हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ के बारे में माना जाता है कि ये बड़े लोगों का खेल है जो सही नहीं है। वास्तविकता है कि यह एक ऐसा खेल है जो सभी के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हम गोल्फ को एक एलीट खेल के तौर पर देखते हैं पर हमें ये देखना चाहिये कि देश का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल आजमाना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे क्रिकेट हमारे देख में सबसे लोकप्रिय है पर गोल्फ भी एक मजेदार खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके एक खिलाड़ी के तौर पर मैं दूसरे खेलों में भी सहायता करना चाहता हूं। गोल्फ लीग इस खेल को और भी रोमांचक बनाएगी और इस खेल को बच्चों की पहुंच में लाने का प्रयास करेगी। हमें उम्मीद है कि ज्यादा बच्चे इस खेल को अपनाएंगे, इसे टीवी पर देखेंगे और इसे खेलने के लिए प्रेरित होंगे। इससे इस खेल में पैसा आएगा, बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिलेगी और यही हमार लक्ष्य है।

# बॉलीवुड में ग्लेमर का तड़का



KRITI SURESH



KIRITI SENON

## फटाफट खबरें

### रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य: रूसी राजदूत

**मास्को, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, 'ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और अक्षम्य मानते हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। इसके अलावा, ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

### ईरान युद्ध में अब तक 365 अमेरिकी सैनिक घायल, 13 की मौत

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान अब तक कुल 365 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हुई है। बीसीसी ने अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हवासे से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि इन आंकड़ों में ईरान में हाल ही में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मार गिराये जाने और लापता चालक दल को खोजने के लिए चलाए गये बचाव अभियान के दौरान घायल हुए सैनिक भी घायलों की इस सूची में शामिल हैं या नहीं। अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 13 ही बनी हुई है।

### कराची में तोड़ डाली ऐतिहासिक धार्मिक मूर्तियां, हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश

**करांची, यूटर्न/ 04 अप्रैल।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों और उनके धार्मिक स्थलों पर हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला देश की आर्थिक राजधानी कराची से सामने आया है, जहां एक ऐतिहासिक इमारत में स्थापित भगवान कृष्ण और गोपियों की प्राचीन मूर्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया। इस घटना की जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय में गहरा रोष और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। हिंदू सामाजिक कार्यकर्ताओ ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यकों की भावनाओं पर सीधा हमला करार दिया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पाकिस्तान दरवार इत्तेहाद के अध्यक्ष शिव कच्छी ने बताया कि यह शर्मनाक घटना दो दिन पहले कराची की ऐतिहासिक सगन मेसन भवन में हुई। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह केवल पत्थरों के ढांचे को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की बहुसांस्कृतिक विरासत और धार्मिक सद्भाव को चोट पहुँचाने का प्रयास है।

# पाकिस्तान में ईंधन की बढ़ी कीमतों से मचा कोहराम विपक्ष ने कहा 'इस्तीफा दे शरीफ सरकार'

**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**



ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच मध्यस्थता का दावा कर रहे पाकिस्तान के अंदरूनी हालात काबू से बाहर होते जा रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की बढ़ोतरी से आवाम परेशान है। विपक्षी खेमे और सिविल सोसाइटी ग्रुप्स ने आवाम के हक में आवाज उठाते हुए शरीफ सरकार से इस्तीफे की डिमांड की है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को हटाने की मांग जोरो शोरों से उठाई है। विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के महासचिव, सलमान अकरम राजा ने शुक्रवार को सरकार को हटाने के लिए 'मास रेवोल्यूशन' (जन क्रांति) का आ'ान किया। उन्होंने फ्यूल की रिकॉर्ड कीमतों में बढ़ोतरी को 'गलत और अमीरों के हक में' बताया। वहीं, कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी, 'जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान' ने देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

लाहौर प्रेस क्लब में मीडिया को संबोधित करते हुए, राजा ने फिक्र जताते हुए कहा कि देश 'बहुत बुरे दौर' में पहुंच गया है और 'आवाम को सत्ताधारी गठबंधन हटाने के लिए सड़कों पर उतरना होगा।'

पाकिस्तानी अखबार डॉन ने उनके हवाले से कहा, 'हमें क्रांति की जरूरत है और मौजूदा सरकार को गिराना भी है जिसने फॉर्म-47 के जरिए जनमत संग्रह छीनकर सत्ता हथिया ली है।' उन्होंने उन आधिकारिक निर्वाचन परिणाम फॉर्म का जिक्र किया जिनके बारे में उनकी पार्टी का दावा है कि 2024 के आम चुनावों के दौरान उनमें बड़े पैमाने पर हेरफेर किया गया था। सरकार के इस दावे को खारिज करते हुए कि पेट्रोलियम की 'कीमतों में हालिया उछाल ग्लोबल तनाव के कारण आया है', राजा ने कहा, 'पेट्रोलियम की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को यूएस-ईरान संघर्ष से जोड़ना बकवास है।'

उन्होंने पाकिस्तानी सरकार पर आरोप लगाया कि वह नागरिकों का शोषण कर रही है। वहीं, प्रशासनिक और सैन्य अधिकारियों के लिए लग्जरी गाड़ियों और दूसरे फायदों पर फिजूलखर्ची कर रही है। राजा ने कहा, 'किसी देश में लोकतंत्र सीधे तौर पर गरीबों, कमजोरों और बेजुबानों की मदद करती है, लेकिन यहां इसे जानबूझकर हड़प लिया गया, जनता का अधिकार छीन लिया गया और ट्रेड यूनियनों को चुप करा दिया गया। जहां किसी देश में सियासत जिंदा नहीं रहती, वहां कमजोर और गरीब अपनी आवाज नहीं उठा पाते।' इस बीच, एक अन्य भाषण में, जमात-ए-इस्लामी के नेता हाफिज नईमुर रहमान ने फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया और धमकी दी कि अगर सरकार अपना फैसला वापस नहीं लेती है तो बेमियादी हड़ताल होगी और लोग धरने पर बैठेंगे।

## ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार: एंड्रे केलिन

**» मॉस्को, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**

ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। श्री केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा, दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र

में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी हॉक्स का साथ दिया और संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के पतन में योगदान दिया। रूस के राजदूत ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रिटेन ईरान की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करता है, लेकिन ईरानी नागरिकों के खिलाफ कथित युद्ध अपराधों की निंदा नहीं करता। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने एक बार फिर लंदन के इस रवैये को उजागर किया है। ब्रिटेन की सरकार यह दिखावा करती है.

## निजी टिप्पणियों पर भड़के फ्रांसीसी राष्ट्रपति, ट्रंप के पत्नी वाले बयान को बताया मर्यादाहीन

**» पेरिस, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**



अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका और फ्रांस के बीच जुबानी तनातनी तेज हुई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के बारे में की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान मैक्रों ने कहा कि ट्रंप की बातें अशालीन और स्तरहीन हैं और वे बहुत ज्यादा बोलते हैं। दरअसल यह प्रतिक्रिया ट्रंप के उस बयान के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें उन्होंने मैक्रों के साथ हुई फोन कॉल का जिक्र कर फ्रांसीसी राष्ट्रपति का मजाक उड़ाया। ट्रंप ने कहा कि मैक्रों की पत्नी उनके साथ बेहद बुरा बर्ताव करती हैं और वीडियो क्लिप का संदर्भ दिया जिसमें ब्रिगिट मैक्रों ने विमान से उतरते समय मैक्रों के चेहरे को हल्का धक्का दिया था। मैक्रों ने पहले गलत जानकारी बताकर हल्के अंदाज में मजाक बताया था।

ट्रंप की टिप्पणियाँ ईरान से संबंधित अमेरिकी नेतृत्व वाले संघर्ष के संदर्भ में आईं, जिसमें उन्होंने फ्रांस से खाड़ी क्षेत्र में मदद भेजने की मांग की थी। मैक्रों ने कहा कि फ्रांस युद्ध के बाद मदद कर सकता है, जिसका ट्रंप ने मजाक उड़ाया। इसके अलावा, ट्रंप ने नाटो की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर कागजी शेर कहा।

फ्रांस में ट्रंप की इन टिप्पणियों का व्यापक विरोध हुआ। नेशनल असेंबली की अध्यक्ष येल ब्रौन-पिवेट ने कहा कि यह स्तरहीन था, और फ्रांस अनबाउड पार्टी के मैनुअल बॉम्पार्ड ने टिप्पणी की कि मैक्रों और उनकी पत्नी के बारे में ऐसा कहना अस्वीकार्य है। फ्रांसीसी मीडिया ने इस एक और विवादास्पद बयानबाजी बताया।

सैन्य और कूटनीति के मुद्दों पर, मैक्रों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के किसी भी बलप्रयोजन के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसा अभियान लंबा, जोखिम भरा और वैश्विक जहाजरानी के लिए खतरनाक होगा। मैक्रों ने कहा कि कूटनीति ही व्यावहारिक रास्ता है और जलडमरूमध्य को केवल ईरान के साथ परामर्श करके ही खोला जा सकता है। मैक्रों ने अमेरिका और नाटो के बदलते रुख पर टिप्पणी कर कहा कि युद्ध और शांति के मामलों में गंभीरता जरूरी है। सहयोगियों से समर्थन न मिलने पर अफसोस जताया जा सकता है, लेकिन यह हमारा अभियान नहीं है।

## गुआम में 20 दिन चला सी ड्रैगन अभ्यास, भारत-अमेरिका समेत 5 देशों की ताकत का प्रदर्शन

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**



इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत और अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर 20 दिन तक चलने वाला एंटी-सबमरीन युद्ध अभ्यास सफलतापूर्वक पूरा किया। यह अभ्यास 'एक्सरसाइज सी ड्रैगन 2026' के तहत गुआम में आयोजित किया गया, जो 28 मार्च को एंडरसन वायु सेना बेस पर समाप्त हुआ।

इस अभ्यास में अमेरिका और भारत के साथ-साथ जापान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने हिस्सा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य समुद्र के भीतर मौजूद खतरों की पहचान और उन्हें निष्क्रिय करने की क्षमता को बेहतर बनाना था।

अभ्यास की मेजबानी कमांडर टास्क फोर्स 72 ने की। इसमें अमेरिकी नौसेना के अत्याधुनिक पी-8ए पोसाइडन विमान के साथ भारतीय नौसेना, जापान मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स और रॉयल न्यूजीलैंड एयर फोर्स के विमान शामिल हुए।

ाभी देशों ने मिलकर जटिल समुद्री माहौल में संयुक्त ऑपरेशन की क्षमता को परखा।

अधिकारियों के अनुसार, इस अभ्यास का मकसद देशों के बीच तालमेल बढ़ाना और समुद्री गतिविधियों की साझा निगरानी को मजबूत करना था। अभ्यास के दौरान 'एमके-30' नाम के मोबाइल एंटी-सबमरीन ट्रेनिंग टारगेट का इस्तेमाल कर ट्रैकिंग ड्रिल कराई गई। साथ ही एक सक्रिय नौसेना पनडुब्बी को खोजने और उस पर कार्रवाई करने का लाइव अभ्यास भी किया गया। इस साल अभ्यास साइपन के आसपास भी हुआ, जहां प्रतिभागी देशों ने रिकवर किए जा सकने वाले एक्सरसाइज टॉरपीडो का इस्तेमाल किया। इससे उनकी ऑपरेशनल क्षमता में और विस्तार देखने को मिला।

## ईरान ने अमेरिका के 48 घंटे के सीजफायर वाले प्रस्ताव को किया खारिज: रिपोर्ट

**» तेहरान, यूटर्न/ 04 अप्रैल।**



ईरान ने अमेरिका के 48 घंटे के सीजफायर वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ईरान की सेमी-ऑफिशियल फार्स न्यूज एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फार्स ने एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि यह प्रस्ताव गुरुवार को एक मित्र देश के जरिए ईरान को दिया गया। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने सूत्र के हवाले से बताया कि खासकर कुवैत के बुबियान आइलैंड पर अमेरिकी 'मिलिट्री फोर्स डिपो' को निशाना बनाकर किए गए ईरानी हमले के बाद, वाशिंगटन ने सीजफायर सुनिश्चित करने के लिए अपनी डिप्लोमैटिक कोशिशें तेज कर दी हैं। फार्स के मुताबिक, कयास लगाए जा रहे हैं कि यह प्रस्ताव इलाके में संकट के बढ़ने और ईरान की सैन्य क्षमता को कम आंकने की वजह से अमेरिकी फोर्स के लिए 'गंभीर दिक्कतें' पैदा होने के बाद पेश किया गया। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ईरान ने इस ऑफर पर लिखकर जवाब नहीं दिया, बल्कि लड़ाई के मैदान में हमले जारी रखकर जवाब दिया। इस बीच, ईरानी सेना ने पुष्टि की है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान के दक्षिणी समुद्री इलाके के ऊपर होर्मुज स्ट्रेट के पास एक यूएसए-10 'वॉर्थोग' अटैक प्लेन को मार गिराया, जिससे एयरक्राफ्ट फारस की खाड़ी में क्रैश हो गया।

इससे पहले आईआरजीसी ने दावा किया कि सेंट्रल ईरानी एयरस्पेस में एक यूएसएफ-35 फाइटर जेट को मार गिराया था। बाद में शुक्रवार को, ईरान की सेमी-ऑफिशियल मेहर न्यूज एजेंसी ने बताया कि एक यूएस ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर भी ईरानी एयरस्पेस में एक प्रोजेक्टाइल से टकरा गया था, जब वह गिरे हुए यूएस फाइटर जेट के पायलट को ढूंढ रहा था। कोगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत के गवर्नर यादोल्लाह रहमानी ने कबायली और ग्रामीण इलाकों के लोगों से 'दुश्मन पायलटों' का पता लगाने में अधिकारियों की मदद करने को कहा। बता दें, इजरायल और अमेरिका ने 28 फरवरी को तेहरान और ईरान के कई दूसरे शहरों पर मिलकर हमले किए। इसमें ईरान के उस समय के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई, सीनियर मिलिट्री कमांडर और आम लोग मारे गए।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *